हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 17 जून 2026

04 डीजल दाम ने बिगाड़ा खेती का गणित



07 शासन की नीतियों पर किसानों ने जताया रोष...





### बाजार क्षेत्र में 17 लाख रुपये की लागत से तीन सड़कों का भूमिपूजन

# नागरिकों को अब वर्षों पुरानी सड़क से मिलेगी निजात, क्षेत्र को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

**नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने मंगलवार को करीब 17 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 3 सड़कों का विधिवत भूमिपूजन किया।**

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने मंगलवार को बाजार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32 में लगभग 17 लाख रुपये की लागत से बनने वाली तीन महत्वपूर्ण सड़कों का विधिवत भूमिपूजन किया। लंबे समय से क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा सड़क निर्माण तथा बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा बाजार की पांचवीं लाइन, सातवीं लाइन एवं स्टूडेंट स्टोर वाले मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जा रहा है।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि बाजार क्षेत्र शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों का आवागमन होता है।



### क्षेत्र के विकास के लिए पार्षद ने सांसद और विधायक का मना आभार

कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद कीर्ति दुबे ने क्षेत्र में विकास कार्यों को स्वीकृति एवं गति प्रदान करने के लिए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से बाजार क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और यह कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

### क्षेत्र को भी नई गति प्रदान करेगाः नपाध्यक्ष

नपाध्यक्ष ने कहा कि विशेष रूप से स्टूडेंट स्टोर मार्ग पर बरसात के समय पानी भर जाने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती थीं और राहगीरों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई सड़क एवं बेहतर जल निकासी व्यवस्था से क्षेत्र के व्यापारियों, ग्राहकों तथा आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। नपा अध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और आधारभूत विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। सड़क, नाली, पेयजल और स्वच्छता जैसे कार्यों के माध्यम से शहर के समग्र विकास की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बाजार क्षेत्र की इन सड़कों का निर्माण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगा।

### वर्षों पुरानी खराब सड़क से मिलेगी निजात

विदित हो कि वर्षों से सड़क की खराब स्थिति और बरसात के दौरान पानी भरने की समस्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कीर्ति दुबे सहित कृष्ण मुरारी अग्रवाल, राजेश सोनी, कैलाश अग्रवाल, ओमप्रकाश उदयवाल, मनोज जैन, प्रमोद जैन, शकुंतला अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, शर्मिला शर्मा, नम्रता साहू, ऋतु शर्मा, शोभित जैन, मुकेश शर्मा, बंटी साहू, बंटी जैन, नगेन्द्र साहू, हनी सोनी, रामानंद शर्मा, जित्तू मालवीय तथा पार्षद प्रतिनिधि उत्कर्ष संजय दुबे सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# दो कारों में आमने-सामने से भिड़ंत ऑल्टो चालक की मौके पर हुई मौत

### 24 घंटे के भीतर दूसरा बड़ा हादसाः बोलेरो हादसे के बाद आज फिर दहला मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

हिल स्टेशन पचमढ़ी को जोड़ने वाला पचमढ़ी-पिपरिया मार्ग इन दिनों खून से लाल हो रहा है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को हुए भीषण बोलेरो हादसे में पांच लोगों की मौत के गम से अभी स्थानीय लोग और प्रशासन उबर भी नहीं पाए थे कि आज मंगलवार को इस मार्ग पर फिर एक और दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण दो कारों के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में एक कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। रॉन्ग साइड बनी कालः प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब पचमढ़ी की ओर से जा रही एक ऑल्टो कार बेहद तेज रफ्तार में और पूरी तरह से गलत दिशा में दौड़ रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही मारुति सुजुकी डिजायर कार से उसकी सीधी और जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों वाहनों के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भिड़ंत होते ही दोनों कारों के एयरबैग खुल गए, लेकिन इसके बावजूद ऑल्टो चालक की जान नहीं बचाई जा सकी।



टक्कर के बाद दोनों वाहनों में चीख-पुकार मच गई। वाहनों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें सवार लोग काफी देर तक मलबे और लोहे के हिस्सों के बीच ही फंसे रहे। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही डिजायर कार में पीटीएस पचमढ़ी में पदस्थ पुलिस कर्मचारी रामकुमार अपने परिवार के साथ सवार थे और पचमढ़ी की ओर आ रहे थे। इस हादसे में पुलिसकर्मी के परिवार के सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही पचमढ़ी पुलिस बल बिना वक्त गंवाए तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद कारों के मलबे में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत एम्बुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, मृतक ऑल्टो चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### लगातार दूसरे दिन सहमा पचमढ़ी

कल ही पचमढ़ी मार्ग पर एक अनियंत्रित बोलेरो के खाई में गिरने से 5 श्रद्धालुओं की असमय मौत हो गई थी। इस बड़ी त्रासदी के ठीक 24 घंटे बाद, आज मंगलवार को फिर हुए इस हादसे ने यातायात व्यवस्था और चालकों की लापरवाही पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरेखा निमोदा ने कहा कि मामले में प्राथमिक कार्रवाही कर मर्ग कायम किया जा चुका है। अग्रिम जांच की जा रही है। आल्टो सवार मृत चालाक अयोध्या नगर भोपाल निवासी थे यह पचमढ़ी में कैंपिंग साइट पर कार्य करने हेतु पचमढ़ी से वापस जा रहे थे कल पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## पिकलबॉल में मयंक और यश बने टूर्नामेंट के चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में खेल भावना, रोमांच और एकता का एक नया अध्याय लिखते हुए प्रथम नर्मदापुरम पिकलबॉल एसोसिएशन नाइट टूर्नामेंट का समापन हो गया। 20 बेहतरीन टीमों और लगभग 100 लीग मैचों के कड़े सफर को पार कर यह टूर्नामेंट अपने ग्रैंड फिनाले तक पहुंचा। टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में जबरदस्त उलटफेर और कांटे की टक्कर देखने को मिली।उप-विजेता की रेस से बाहर हुई टीमों के बीच हुए कड़े मुकाबले में राम और रणधीर ने सचिन व अंजनेश को हराकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। ग्रैंड फिनाले में मयंक और यश चौकसे का सामना गौरव और विपिन की मजबूत जोड़ी से हुआ। हर एक पॉइंट के लिए खिलाड़ियों के बीच लंबा संघर्ष देखने को मिला। अंततः अपने अद्भुत तालमेल और आक्रामक खेल के दम पर मयंक और यश चौकसे ने खिताबी जीत दर्ज कर प्रथम नाइट टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस दौरान समिति ने सभी खिलाड़ियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पीएम श्री कन्या शाला में तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत, मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पीएमश्री शासकीय कन्या शाला, सूरजगंज में आज 16 जून 2026 को हर्षोल्लास के साथ 'प्रवेश उत्सव' मनाया गया। नवीन शिक्षण सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय पहुंची बालिकाओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस विशेष अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक महेश रायकवार द्वारा छात्राओं और उपस्थित स्टाफ को केले वितरित किए गए। साथ ही, प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में मध्याह्न भोजन के दौरान सभी बालिकाओं को विशेष रूप से खीर, पूड़ी और सब्जी परोसी गई।

इस आयोजन में शाला की प्रभारी प्राचार्य विनीता दुबे, प्रधान पाठक महेश रायकवार, खेल शिक्षक विनोद दुबे और महेश मालवीय सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



इनमें मुख्य रूप से अभिलाषा खत्री, अनुराधा मिश्रा, सुतार मैडम, उषा उइके, सिंग मैडम, प्रीति मैडम, रिमी मैडम, परिणीता पटेल, सविता चौरे, कविता उपाध्याय, पूरन सर, जाटव सर, आदित्य सर, सोनिया सर और ओपी तिवारी सर शामिल रहे।

### नपा ने पुरानी टंकी की डिस्मेंटल की, नई टंकी बनाने की राह हुई आसान

नर्मदापुरम। वार्ड क्रमांक 06 में बेकार पड़ी विशालकाय पानी की टंकी को तोड़ दिया गया है। जिससे अब नई पानी की टंकी बनाने की राह आसान हो गई है। जल्द ही नई पानी की टंकी का निर्माण कर उक्त स्थान से बाजार क्षेत्र में पेयजल सप्लाई निर्बाध रूप से की जाएगी। जिससे बाजार क्षेत्र में भरपूर पेयजल उपलब्ध रहेगा। वार्ड पार्षद राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले एवं पेयजल शाखा प्रभारी आयुषी रिछारिया के निर्देशन में नई पानी की टंकी बनाने के लिए पुरानी पानी की टंकी को डिस्मेंटल किया गया है। जल्द ही मलवा हटाया जाएगा। पार्षद उपाध्याय ने नपाध्यक्ष यादव, सीएमओ पटले, शाखा प्रभारी रिछारिया का आभार व्यक्त किया है।



## आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रवेश उत्सव, अन्नप्राशन और मिशन नींव प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महिला एवं बाल विकास परियोजना इटारसी के अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का प्रवेश उत्सव और 'मंगल दिवस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों, गर्भवती और धात्री माताओं के स्वास्थ्य व समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस दौरान कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं।मंगल दिवस के अवसर पर छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार किया गया तथा अभिभावकों को पूरक आहार संबंधी परामर्श दिया गया। बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए




नियमित टीकाकरण भी किया गया। वार्ड क्रमांक-15 (सेक्टर-3) में मिशन नींव के तहत समन्वयक वीरेंद्र कीर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शाला पूर्व शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, पोषण अभियान समन्वयक सुश्री हिना खान ने कार्यकर्ताओं को 'पोषण ट्रैकर' के नए होम विजिट मॉड्यूल की जानकारी दी। भीषण गर्मी को देखते हुए वार्ड-1 के केंद्र को अटल बाल पालक श्री सुमन उमेश बघेल ने एक कूलर दान किया। वहीं, पर्यावरण संरक्षण के लिए समाजसेवी रोहित बकोरिया और राजेश मालवीय ने 50 पौधे (आम, जामुन, पीपल, नीम आदि) भेंट किए। बारिश के लिए केंद्रों में 'सीड बॉल' का निर्माण भी किया जा रहा है।

## जुलूस निकालने और सुरक्षा नियमों के पालन की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आगामी त्योहारों के मद्देनजर इटारसी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुहर्रम को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी सौरभ पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, तहसीलदार सुनीता साहनी, पत्रकार संघ अध्यक्ष प्रमोद पगारे सहित हिंदू महासभा और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुरक्षा, मार्ग निर्धारण और ताजियों की मानक ऊंचाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने ताजियों की ऊंचाई और अखाड़े के आयोजन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। अधिकारियों ने साफ किया कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी पक्षों को नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। समुदाय की सहभागिता से एक शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने पर सभी ने सहमति जताई। एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्षों में देरी के कारण व्यवस्था बनाने में आई दिक्कतों को देखते हुए इस बार प्रशासन ने समाज से करबला के लिए जल्दी निकलने की अपील की है। वहीं, मुस्लिम समाज द्वारा बारिश के कारण गांधी मैदान में होने वाले कीचड़ की समस्या उठाने पर प्रशासन ने वहां बेहतर व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया।

## सूरजगंज शिव मंदिर में अधिकमास समापन पर हुआ भव्य भंडारा प्रसादी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सूरजगंज स्थित शिव मंदिर में अधिकमास के पावन अवसर पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। अधिकमास के प्रथम दिन से लेकर अंतिम दिन तक यहां सूरजगंज की मातृशक्तियों द्वारा प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ किया गया। अधिकमास के समापन के उपलक्ष्य में शिव मंदिर में विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संध्याकाल में भगवान की भव्य महाआरती की गई और उन्हें भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन हुआ। साथ ही,



सुहागिन महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की गई।

इस अवसर पर सूरजगंज के समस्त परिवारों ने सम्मिलित होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में वर्षा अग्रवाल, ममता मालवीय, ममता अग्रवाल, अर्चना मालवीय, अमिता मालवीय, अन्नू नामदेव और सुरभि शर्मा सहित क्षेत्र की अन्य मातृशक्तियों का विशेष योगदान रहा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इन्हीं मातृशक्तियों के प्रयासों से मंदिर में निरंतर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

### आम की विविध किस्मों ने आकर्षित किया ध्यान

**नर्मदापुरम**। जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में पर्यटन नगरी पचमढ़ी के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक बाइसन लॉज में एक दिवसीय भव्य आम महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय लिडवानी, पवन झा, संजीव जायसवाल, शिशिर राठी, कमलेश जैन, महेश कनौजिया एवं धर्मदास साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। आम महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जिले में आम की बागवानी को प्रोत्साहित करना, विभिन्न प्रजातियों के आमों का प्रदर्शन करना तथा स्थानीय बागवानों को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना रहा। महोत्सव में नर्मदापुरम जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों एवं बागवानों द्वारा अपने बगीचों के चुनिंदा, रसीले एवं दुर्लभ किस्म के आमों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई।

### नर्मदापुरम सीएमओ पटले का पांढुर्ना तबादला, इटारसी को मिलीं नई सीएमओ सुरेखा जाटव, रितु मेहरा गाडरवारा भेजीं गईं

# नगरीय निकाय में हुए तबादले, जिले के कई अधिकारी हुए इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय द्वारा बड़े पैमाने पर अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल का व्यापक असर नर्मदापुरम संभाग, विशेषकर इटारसी और जिला मुख्यालय नर्मदापुरम पर पड़ा है। इस ट्रांसफर लिस्ट में जहां नर्मदापुरम और इटारसी को नए मुखिया मिले हैं, वहीं इटारसी नगर पालिका से कुछ पुराने चेहरे विदा भी हुए हैं।

### इटारसी में आगमनः

सुरेखा जाटव (तत्कालीन सीएमओ, रायसेन) को नगर पालिका परिषद इटारसी की कमान सौंपी गई है।




### इटारसी से रवानगीः

यहां पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा का तबादला नगर पालिका परिषद गाडरवारा कर दिया गया है।

### नर्मदापुरम से रवानगीः

नर्मदापुरम सीएमओ हेमेश्वरी पटले का स्थानांतरण यहां से सीएमओ पांढुर्ना के पद पर किया गया है।

### इटारसी नपा से अन्य की विदाई

गजेन्द्र पांडेय (राजस्व निरीक्षक) को नगर पालिका परिषद सिवनी भेजा गया है। नंदराम साहू (सहायक राजस्व निरीक्षक) का तबादला नगर पालिका परिषद औबेदुल्लागंज किया गया है।

### इटारसी नगर पालिका में नए चेहरों की एंट्री

लाल सिंह इंदोलिया (सहायक राजस्व निरीक्षक) – नगर परिषद जावरा से नगर पालिका परिषद इटारसी। आशीष देशभरतार – नगर पालिका परिषद अनूपपुर से नगर पालिका परिषद इटारसी।

### सफाई विभाग में नई नियुक्तिया

रीना डागौर (सफाई संरक्षक) नगर परिषद बरेली (जिला रायसेन) से नगर पालिका परिषद इटारसी। शैलू डागर (सफाई संरक्षक) – नगर पालिक निगम भोपाल से नगर पालिका परिषद इटारसी।

### सवालः क्या नए नेतृत्व से सुधरेगी 'स्वच्छता की गाड़ी'?

इस प्रशासनिक सर्जरी के बीच इटारसी की एक बड़ी और पुरानी समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। नगर पालिका परिषद इटारसी को पिछले करीब दो वर्ष से स्वच्छता निरीक्षक और लगभग तीन साल से स्वच्छता अधिकारी का इंतजार है।

### नर्मदापुरम संभाग के अन्य महत्वपूर्ण तबादले

निशांत श्रीवास्तव, सीएमओ नगर पालिका परिषद बनखेड़ी से नगर पालिका परिषद श्योपुर भेजे गए। राजेश कुमार, (राजस्व उपनिरीक्षक, प्रभारी सीएमओ अकोदिया) को प्रभारी सीएमओ बनाकर नगर परिषद बनखेड़ी भेजा गया है। मोहन चौकसे, (स्वच्छता निरीक्षक, बनखेड़ी) का तबादला नगर पालिक निगम कटनी किया गया है। संतोष रघुवंशी, (राजस्व उपनिरीक्षक, प्रभारी सीएमओ बुधनी) को सीएमओ बनाकर पिपरिया भेजा गया है। सुरेश बेलिया, (संयुक्त संचालक, संभागीय कार्यालय भोपाल) को संयुक्त संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के पद पर पदस्थ किया गया है।

### एक सब-इंजीनियर के भरोसे सफाई व्यवस्था

वर्तमान में इटारसी जैसे बड़े और महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन वाले शहर की स्वच्छता की पूरी गाड़ी एक सब-इंजीनियर के सहारे खींची जा रही है। इतने लंबे समय से स्वच्छता विभाग के ये दोनों मुख्य पद रिक्त होने के कारण, शहर 'स्वच्छता सर्वेक्षण' में वह मुकाम और अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पा रहा है जिसका वह हकदार है।

### मूल काम छोड़कर संभाल रहे कमान

स्थानीय स्तर पर यह चिंता का विषय है कि जिन हाथों में फिलहाल शहर की स्वच्छता की कमान है, वे इस कार्य के लिए कम अनुभवी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि स्वच्छता देखना उनका मूल काम ही नहीं है, बल्कि उनसे यह अतिरिक्त कार्य कराया जा रहा है। ऐसे में नई सीएमओ सुरेखा जाटव के सामने पदभार ग्रहण करते ही इस रिक्तता के बीच शहर की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने और आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग दिलाने की एक बड़ी चुनौती होगी।

## खबर संक्षेप

### भारत भारती में हुआ बास शिल्प प्रशिक्षण

**बैतूल**। मध्यप्रदेश प्राद्योगिकी परिषद् भोपाल की योजनान्तर्गत बांस शिल्प कला और अनुसंधान केंद्र भारत भारती परिसर में बांस शिल्प प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बैतूल विकासखंड के 75 जनजाति युवक-युवतियों ने बांस के सजावटी सामान, लेम्प, गुलदस्ता आदि बनाना सीखा। इस अवसर पर भारत भारती आईटीआई के प्राचार्य विकास विश्वास, प्रशिक्षण अधिकारी अखिलेश शर्मा, प्रशिक्षक नरेन्द्र मोहबे उपस्थित रहे। अखिलेश शर्मा ने बताया कि हमारे जनजाति युवा पढ़ाई के बाद नौकरियों की खोज में लगे रहते हैं जबकि कौशल विकास के अनेक ऐसे काम है को बिना किसी लागत के सरलता से सीखे और अपनाये जा सकते हैं। बांस शिल्प उन्ही में से एक है। आज कल अपने घरों, उद्यानों की सजावट, बांस की कुर्सियां, फूलदान, लैंप आदि की बाजार में मांग भी है, व इस बाजार में संभावनाएं भी अधिक हैं। दूसरा पक्ष यह भी है कि इस काम में आंशिक लागत से भी यह स्वरोजगार अपनाया जा सकता है। और अपने तैयार किये सामान की ब्रांडिंग करके इसे बड़े मंचों पर पहचान दिला सकते हैं।

### मनीष मरकाम होंगे नए कार्यपालन यंत्री

**बैतूल**। लोक निर्माण विभाग में कार्यपालन यंत्रियों के तबादले हुए हैं, जिसमें भिंड में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन यंत्री मनीष कुमार मरकाम का तबादला बैतूल के प्रभारी कार्यपालन यंत्री के पद पर हुआ है। श्री मरकाम 2010 बैच के सिविल इंजीनियर हैं। बैतूल में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन यंत्री प्रीति पटेल का तबादला पूर्व में ही बैतूल से नर्मदापुरम हुआ था।

### ननि एवं पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित

**बैतूल**। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिए जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जाएगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

### जिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से करेगा शिष्टाचार भेंट

**बैतूल**। 18 जून को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के बैतूल आगमन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात के लिए समय देने का अनुरोध किया है। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर बताया कि कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मुलाकात कर जिले के किसानों को खाद, बीज और डीजल की समस्या, राज्यसभा चुनाव में मीनाक्षी नटराजन का चुनाव आयोग द्वारा फार्म निरस्त किए जाने, बैतूल जिले में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार तथा सडक़, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर उनका ध्यान आकृष्ट करना चाहता है। प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह उइके, पूर्व विधायक ब्रम्हा भलावी, पूर्व विधायक धरमूसिंह सिरसाम, पूर्व विधायक डॉ. पी.आर. बोडख़े, प्रदेश सचिव समीर खान, जिला कांग्रेस प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हर्षवर्धन धोटे, संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे और जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष लोकेश पगारिया शामिल रहेंगे। कांग्रेस ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि उक्त प्रतिनिधिमंडल को राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात के लिए समय उपलब्ध कराया जाए।

---

### जुताई से कटाई तक हर काम हुआ महंगा, छोटे किसानों पर ज्यादा संकट

# डीजल दाम ने बिगाड़ा खेती का गणित



संजय द्विवेदी ▸▸ बैतूल

खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसानों पर महंगाई का दोहरा नहीं, चौतरफा हमला शुरू हो गया है। डीजल की कीमतों में लगातार हुई बढ़ोतरी ने खेती की लागत अचानक बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि महज 20 दिनों के भीतर ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों के किराए में 150 से लेकर 200 रुपए प्रति घंटा तक की वृद्धि हो गई है। इससे खेत तैयार करने से लेकर बुआई और कटाई तक का पूरा खर्च बढ़ गया है।

सबसे अधिक परेशानी उन छोटे और सीमांत किसानों को हो रही है, जिनके पास खुद के कृषि यंत्र नहीं हैं। उन्हें पूरी तरह किराए की मशीनों पर निर्भर रहना पड़ता है। इन दिनों खरीफ फसलों की बोवनी के लिए खेत तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। पहले जहां ट्रैक्टर से जुताई का काम 600 रुपए प्रति घंटा में हो जाता था, वहीं अब इसके लिए किसानों को 800-900 रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। इसी तरह प्लाऊ का किराया 800 रुपए से बढक़र 1000 रुपए प्रति घंटा तक पहुंच गया है। थ्रेसर मशीन के किराये में भी 200 रूपये प्रति घंटे के हिसाब से बढ़ोत्तरी हो गई है। कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले अधिकांश यंत्र डीजल आधारित हैं। ईंधन महंगा होते ही संचालन लागत बढ़ गई। इसका पूरा बोझ किसानों पर डाल दिया गया।

#### उपज के दाम स्थिर लागत बेलगाम

किसानों का कहना है कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों की उपज के दाम नहीं बढ़ रहे। मंडियों में किसानों को कई फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तक नहीं मिल पा रहा है। डीजल, किराया-भाड़ा और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ चुके हैं। धान, गेहूं, दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख जिंसों के भाव लगभग स्थिर हैं। किसानों का कहना है कि जब लागत लगातार बढ़े, उपज का उचित मूल्य न मिले, तो खेती फायदे का नहीं, घाटे का सौदा बन जाती है। खरीफ सीजन की शुरुआत में ही बढ़ती लागत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। यदि डीजल और कृषि कार्यों के खर्च पर जल्द नियंत्रण नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में खेती करना और मुश्किल हो जाएगा।

#### जुताई, बुवाई, सिंचाई से मंडी तक हर चरण पर बढ़ा खर्च

किसान प्रसून चौधरी, मनीष पवार, मुंशीलाल, किसन ने बताया कि खेती का हर चरण अब महंगा हो चुका है। जुताई, बुवाई, सिंचाई, कटाई और मंडी तक उपज पहुंचाने के लिए डीजल पर निर्भरता है। पहले सीमित बजट में खेती की तैयारी पूरी हो जाती थी। अब हर काम में अतिरिक्त खर्च जुड़ रहा है। इससे प्रति एकड़ लागत लगातार बढ़ रही है। किसानों का मुनाफा घटता जा रहा है। किसानों का कहना है कि खेत वही हैं, फसल वही है और मेहनत भी पहले जैसी ही है, लेकिन खेती का खर्च अब किसानों की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। बढ़े डीजल दामों ने खेती का पूरा गणित बिगाड़ दिया है।

#### जिले में प्रस्तावित खरीफ सीजन का रकबा

| फसल रकबा | (हेक्टेयर में) |
|---|---|
| धान | 44.000 |
| ज्वार | 1.500 |
| मक्का | 301.500 |
| कोदोकुटकी | 1.000 |
| योग अनाज | 348.000 |
| उड़द | 1.000 |
| मूंग | 0.250 |
| अरहर | 6.500 |
| योग दलहन | 7.750 |
| तिल | 0.200 |
| रामतिल | 0.100 |
| मुंगफली | 4.500 |
| सोयाबीन | 95.000 |
| योग तिलहन | 99.800 |
| कपास | 0.500 |
| योग | 456.050 |

#### डीजल के पैसे पहले, तब खेत में उतार रहे ट्रैक्टर

डीजल की बढ़ी कीमतों का असर इतना ज्यादा है कि अब कई ट्रैक्टर संचालकों ने खेत में मशीन उतारने से पहले ही डीजल का नकद भुगतान लेना शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि पहले दो-चार दिन की उधारी चल जाती थी। अब एडवांस भुगतान मांगा जा रहा है। खाद, बीज और मजदूरी पहले से ही महंगी है। ऐसे में डीजल ने खेती को और अधिक खर्चीला बना दिया है। किसान भूपेंद्र, चमन, महेश यादव बताते हैं कि छोटे किसानों के पास अपने ट्रैक्टर और कृषि यंत्र नहीं होते है। ऐसे में उन्हें किराए पर मशीनें लेना मजबूरी है। बढ़े हुए किराए के कारण एक खेत तैयार करने में पहले की तुलना में हजारों रुपए अतिरिक्त खर्च आ रहा है। इसका सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ रहा है। कई किसान खेती छोड़ने तक की सोचने लगे हैं।

#### *4 लाख 56 हजार हेक्टेयर में होगी खरीफ की बुआई*

*कृषि विभाग के अनुसार इस साल जिले में 4 लाख 56 हजार 050 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुआई की जायेगी। पिछले साल जिले में 4 लाख 55 हजार 510 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी, जबकि इस साल विभाग द्वारा जो रकबा निर्धारित किया गया है, उसमें 540 हेक्टेयर की बढोत्तरी की है। विभाग ने इस वर्ष जिले में मक्का की बोवनी का लक्ष्य 3 लाख 1 हजार 500 हेक्टेयर निर्धारित किया है, जबकि सोयाबीन का लक्ष्य मात्र 95 हजार हेक्टेयर रखा है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार खरीफ वर्ष 2025 में जिले में मक्का का रकबा 3 लाख 93 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2026 में बढकर 3 लाख 1 हजार 500 हेक्टेयर करने का लक्ष्य तय किया है। वहीं सोयाबीन का रकबा 93 हजार 846 हेक्टेयर से बढ़ाकर 95 हजार हेक्टेयर प्रस्तावित किया है। बता दे कि खरीफ फसल की बुआई के लिए किसानों ने खेत बनाना शुरू कर दिया है। कहीं-कहीं भी किसानों ने बुआई के लिए खेतों को तैयार करने और खाद-बीज की व्यवस्था भी कर ली है। अब किसान बारिश का इंतजार कर रहे है कि जैसे ही मानसून सक्रिय होगा, वह बुआई कार्य प्रारंभ कर देगे। किसान अभी से योजना बना रहे है कि कितने हेक्टेयर में कौन सी फसल की बुआई करे।*

---

### पुलिस की कार्रवाई जारी

## 15.96 लीटर शराब जब्त, तीन आरोपियों पर की सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलताई

पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15.96 लीटर अवैध मदिरा जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 8,125 रुपये बताई गई है। हालांकि इस कार्रवाई के बाद भी नगर सीमा से लगे ग्राम कामथ में अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कस्बा मुलताई के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा है। सूचना के आधार पर 15 जून 2026 को पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की। इस दौरान रविशंकर पवार (37 वर्ष), निवासी कामथ के कब्जे से 15 पाव गोवा अंग्रेजी शराब एवं 17 पाव देसी प्लेन शराब, सुलखान सिंह सिसोदिया (37 वर्ष), निवासी बाड़ेगांव के पास से 5 क्वार्टर रॉयल सेलेक्ट अंग्रेजी शराब एवं 6 पाव देसी प्लेन शराब तथा महेश नागल (38 वर्ष), निवासी ताप्ती वार्ड, मुलताई के कब्जे से 10 क्वार्टर रॉयल स्पेशल अंग्रेजी शराब, 19 पाव देसी प्लेन शराब एवं 6 बीयर बरामद की गई। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपी शराब रखने एवं विक्रय करने संबंधी कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की।

#### कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा धंधा

पुलिस की इस कार्रवाई के बीच ग्राम कामथ में संचालित कुछ ढाबों और उनके आसपास अवैध शराब बिक्री को लेकर चर्चाएं फिर तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन अधिकांश मामलों में कम मात्रा में शराब जब्त होने के कारण आरोपियों पर सामान्य कार्रवाई होती है और कुछ समय बाद वही गतिविधियां दोबारा शुरू हो जाती हैं। ग्रामीणों एवं क्षेत्र के जानकारों का दावा है कि अवैध शराब कारोबार से जुड़े कुछ लोग ढाबों के अलावा आसपास के मकानों और अन्य स्थानों पर भी शराब का भंडारण करते हैं तथा वहीं से इसकी आपूर्ति की जाती है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार सामने आ रहे मामलों ने क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार की गंभीरता को उजागर किया है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि केवल छोटी मात्रा में शराब जब्त करने तक सीमित कार्रवाई से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। पुलिस एवं आबकारी विभाग को अवैध कारोबार के पूरे नेटवर्क, भंडारण स्थलों और आपूर्ति तंत्र की गहन जांच कर बड़े स्तर पर कार्रवाई करनी चाहिए।

---

## हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**सारणी**। सारणी पुलिस ने बगडोना स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने वाले एक आरोपी एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर चोरी गया मुकुट बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद मुकुट की कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे तथा एसडीओपी सारणी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, शोभापुर कॉलोनी निवासी मुकेश सोनारे (41 वर्ष) ने 14 जून को थाना सारणी में शिकायत दर्ज कराई थी कि श्रीराम इंटरप्राइजेस बगडोना के सामने स्थित हनुमान मंदिर में स्थापित भगवान हनुमान की प्रतिमा पर लगा चांदी का मुकुट गायब है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 305(डी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्ध करण पिता मनोज नामदेव (21 वर्ष), निवासी दुर्गा चौक शाहपुर से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक अपचारी साथी के साथ मिलकर मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया चांदी का मुकुट बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी एवं अपचारी बालक को 15 जून को गिरफ्तार किया। दोनों को 16 जून को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जब्त सामग्री पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 60 हजार रुपये मूल्य का चांदी का मुकुट बरामद किया है।

---

### आधा इंच बरसात से लबालब

## आधे घंटे की मूसलाधार बारिश ने दी लोगों को गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली और दोपहर में तेज बारिश हुई। जिससे भीषण गर्मी और उमस से लोगों को कुछ राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, जो मौसम में बदलाव का संकेत दे रहे थे। दोपहर होते-होते शहर और आसपास के इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई, जो जल्द ही मूसलाधार वर्षा में बदल गई। यह बारिश करीब आधे घंटे तक रुक-रुक कर होती रही, जिससे शहर की सडक़ों पर पानी बहने लगा।

स्थानीय स्तर पर आधा इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। बारिश के कारण दिन के तापमान में अचानक गिरावट आई, जिससे लोगों ने तपती गर्मी से राहत महसूस की। पिछले कुछ दिनों से जिले में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था। मंगलवार की बारिश के बाद दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। हालांकि, यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। बारिश थमने और बादल छंटने के बाद वातावरण में नमी बढ़ गई, जिससे शाम होते-होते उमस फिर से महसूस होने लगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, मानसून-पूर्व गतिविधियों के दौरान ऐसी स्थिति सामान्य है, जहां बारिश के बाद तापमान तो घटता है लेकिन नमी बढऩे से उमस बढ़ जाती है।

#### किसानों को खुशी

बारिश से किसानों के चेहरों पर भी खुशी देखी गई। जिले में खरीफ सीजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और किसान अच्छी मानसूनी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। समय पर हुई इस वर्षा को खेती के लिए एक शुभ संकेत माना जा रहा है, जिससे खेतों में नमी बढ़ेगी और बोवनी की तैयारियों को गति मिलने की उम्मीद है।

---

## कामथ में डायल-100 टीम पर हमला आरक्षक से मारपीट का वीडियो वायरल

### महिला की शिकायत पर पहुंची टीम से पथराव व हाथापाई



**मुलताई**। मुलताई से सटे ग्राम कामथ में डायल-100 पुलिस टीम पर हुए कथित हमले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पुलिस के एक आरक्षक के साथ कुछ लोगों द्वारा धक्का-मुक्की और मारपीट किए जाने का दृश्य दिखाई दे रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं तथा मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कामथ निवासी एक महिला ने अपने पति से जुड़े पारिवारिक विवाद की शिकायत डायल-100 पर की थी। शिकायत मिलने के बाद डायल-100 में पदस्थ आरक्षक सत्येंद्र पाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेते हुए दोनों पक्षों से बातचीत शुरू की। बताया जाता है कि पूछताछ के दौरान किसी बात को लेकर वहां मौजूद लोगों और पुलिस टीम के बीच कहासुनी की स्थिति निर्मित हो गई। सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम के वहां से लौटने के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद और अधिक बढ़ गया। हालात बिगडऩे की सूचना मिलने पर पुलिस को पुनः विरोध का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस दौरान कुछ लोगों द्वारा डायल-100 वाहन पर पथराव भी किया गया। इसी घटनाक्रम के दौरान आरक्षक सत्येंद्र पाल के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की घटना सामने आई। घटना के समय मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि घटना की जानकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक भी पहुंच गई है और मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही घटना की वास्तविक परिस्थितियां और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी। वहीं ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों के बीच भी घटना को लेकर विभिन्न तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

---

### पासधारकों को ही मिलेगा प्रवेश, रहेगी विशेष सुरक्षा व्यवस्था, अधिकारी तैयारियों में जुटे

# 18 को बैतूल आएंगी राष्ट्रपति मुर्मू, आयोजन की पत्रकारवार्ता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल




जिला मुख्यालय पर 18 जून को होने वाले आध्यात्मिक महासम्मेलन और जनजातीय जागरण कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों के साथ विभिन्न ब्रह्माकुमारी क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक भी शामिल होंगे। संस्था से जुड़े डॉ. नयनल भाई (ओडिशा) ने पत्रकार वार्ता में बताया कि कार्यक्रम स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम को चारों ओर से सजाया गया है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आदिवासी स्वागत गीतों और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी अपने आध्यात्मिक अनुभवों को उपस्थित जनसमुदाय के साथ साझा करेंगी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में प्रवेश केवल वैध पास के माध्यम से ही दिया जायेगा। आधार नंबर और मोबाइल नंबर के आधार पर पंजीकरण कर अधिकृत पास जारी किए गए हैं। तीन सौ पास गणमान्य के लिए जारी किए गए हैं। इसके अलावा दो हजार पास प्रशासन को दिए गए हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बसों से बैतूल आएंगे। 2800 पास ब्रम्ह कुमारी संस्था से जुड़े लोगों को वितरित किए गए हैं। लगभग पांच हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। सभी पासों का वितरण लगभग पूरा हो चुका है। विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था की गई है। गेट नंबर-1 से राष्ट्रपति का प्रवेश होगा। गेट नंबर-2 से वीआईपी अतिथियों का प्रवेश रहेगा। गेट नंबर-3 एवं 4 से आम नागरिकों को प्रवेश दिया जाएगा।

#### देश भर से पहुंचे ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य

माउंट आबू से पहुंचीं ब्रह्माकुमारी डॉ. लीना बहन ने बताया कि बैतूल में आयोजित यह कार्यक्रम जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को साकार करने में बैतूल सेवा केंद्र की प्रभारी मंजू दीदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके प्रयासों से ही राष्ट्रपति को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का संकल्प सफल हो सका। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में माउंट आबू सहित देशभर से ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य पहुंच चुके हैं और बैतूल अब एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। आयोजन में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय एवं प्रदेश स्तर के कई जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी। मुख्य कार्यक्रम सुबह 11.20 बजे शुरू होकर लगभग 12.10 बजे तक चलेगा। आयोजकों ने नागरिकों से समय से पहले पहुंचने की अपील की है। आंमजन को सुबह 9 बजे तक अपनी निर्धारित सीटों पर पहुंचने का आग्रह किया गया है।

---

### परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष वैकल्पिक मार्ग तय

## वीवीआईपी मार्ग सैनिटाइज, भारी वाहन प्रतिबंधित

**बैतूल**। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित बैतूल भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। थाना यातायात बैतूल द्वारा जारी सूचना के अनुसार कार्यक्रम के दौरान यातायात को सुचारु बनाए रखने, आमजन की सुविधा तथा सुरक्षा मानकों के पालन के लिए विशेष मार्ग, पार्किंग स्थल एवं वैकल्पिक रूट निर्धारित किए गए हैं। गंज रेलवे स्टेशन क्षेत्र से आने वाले वाहन मैकेनिक चौक, गुरुद्वारा रोड एवं रैन बसेरा चौक मार्ग से कार्यक्रम स्थल पहुंच सकेंगे। मुलताई क्षेत्र से आने वाले वाहनों को परतापुर, बैतूल बाजार, एलबी लॉन, बडोरा चौक एवं गेंदा चौक मार्ग का उपयोग करना होगा। इंदौर हाईवे की ओर से आने वाले वाहन तितली चौराहा, करबला मार्ग, डॉन बॉस्को स्कूल एवं राम बोले चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। वहीं आमला रोड से आने वाले वाहनों के लिए हमलापुर चौक, वन विद्यालय, तिवारी पेट्रोल पंप, काली चट्टान रोड, ग्रीन सिटी, भग्गूडाना, आबकारी तिराहा, रेलवे स्टेशन, मैकेनिक चौक, गुरुद्वारा रोड एवं रैन बसेरा चौक होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचने की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए 18 जून को प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक बैतूल नगर सीमा में भारी एवं मध्यम वाहनों, ट्रैक्टर एवं ट्रॉलियों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का पालन करें, यात्रा के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन में प्रशासन का सहयोग करें, जिससे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था सुचारु एवं सुरक्षित बनी रहे।

#### निर्धारित किया गया विशेष मार्ग

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का कार्केट हेलीपैड मिलानपुर से भारत भारती, सोनाघाटी फॉरेस्ट बैरियर, चक्कर रोड, थाना कोतवाली चौक, गणेश मंदिर, कॉलेज चौक, पुलिस कंट्रोल रूम चौक, पुलिस पेट्रोल पंप होते हुए लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगा। थाना यातायात द्वारा जारी सूचना के अनुसार सुरक्षा कारणों से 18 जून को प्रातः 9 बजे से 10.15 बजे तक राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के कार्केट मार्ग को पूर्णतः खाली एवं सैनिटाइज रखा जाएगा। साथ ही एंटी-सबोटाज जांच पूर्ण होने के बाद कार्केट मार्ग पर किसी भी प्रकार के वाहन संचालन की अनुमति नहीं होगी।

#### अलग-अलग पार्किंग

कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों एवं आमजन के वाहनों के लिए पृथक-पृथक पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। दक्ष केंद्र शिवाजी चौक में वीवीआईपी एवं वीआईपी पार्किंग, पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में पुलिस प्रशासनिक पार्किंग, पुलिस परेड ग्राउंड अंबेडकर चौक में दोपहिया वाहन पार्किंग तथा रैन बसेरा चौक के समीप चारपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त गुरुद्वारा रोड स्थित आदिवासी छात्रावास के सामने पुलिस परेड ग्राउंड गेट तथा उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान (हॉकी स्टेडियम के समीप) में भी पार्किंग स्थल हैं।

#### परीक्षार्थियों के लिए विशेष यातायात व्यवस्था

महाविद्यालयीन परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के लिए विशेष यातायात व्यवस्था भी की गई है। शाहपुर एवं सारणी क्षेत्र से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए शाहपुर, पाथाखेड़ा जोड़, घोड़ाडोंगरी, रानीपुर, चिखलार, पहाड़ी अस्पताल मार्ग, खासी खदान, अवस्थी गोदाम, अखवाड़ा चौक, लिंक रोड एवं कारगिल चौक मार्ग निर्धारित किया गया है। आमला मार्ग से आने वाले विद्यार्थी हमलापुर चौक, वन विद्यालय, तिवारी पेट्रोल पंप, काली चट्टान रोड, ग्रीन सिटी, भग्गूडाना एवं आबकारी तिराहा मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### प्रस्फुटन समिति ने किया श्रमदान



**माखननगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखन नगर जिला नर्मदापुरम एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव तथा कोटगांव ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान किया इस अवसर नवांकुर संस्था सचिव मनोज परसाई, अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव,परामर्शदाता मनीष यादव, वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव, सतीश यादव, रुपेश यादव,संजय यादव, ओमप्रकाश,संदीप,मोहन, कल्लू पटेल,सुमेर सिंह,विनय यादव, देवेन्द्र, भागीरथ यादव,लक्की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं नवांकुर सखी उपस्थित रहे।


### बीजनवाड़ा में कार्यशाला आयोजित की

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा में स्थित ग्राम प्रस्फुटन समिति के द्वारा पर्यावरण सरंक्षण के लिए कार्यशाला आयोजित की गई थी। जानकारी के बाद सैकड़ों की तादाद में सीड वाल का निर्माण कार्य किया गया। कार्यशाला आयोजित में सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसके बाद सामुहिक रूप से प्रस्फुटन समिति बीजनवाडा के सदस्य शिवम् दुबे सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ आसपास के लोगो ने भी सहयोग करते हुए सीड वाल का निर्माण कार्य किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भूरे लाल कहार छोटूराम नर्मदा प्रसाद दुबे ललित रघुवंशी आकाश रघुवंशी राहुल उईके सहित अन्य सभी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रक्षारोपड के महत्व जैव विविधता संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिवम् दुबे ने बताया कि विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी दयाराम उभरे ने बताया कि कार्यक्रम में तैयार किए गए सीड वाल को आगामी वर्षा ऋतु में उपयुक्त जगहों पर विसर्जित किया जाएगा जिसमें की प्राकृतिक सुंदरता के साथ पौधे का अंकुरण हो सके क्षेत्र में हरित आवरण का विस्तार हो सके इस कार्यक्रम में पिपरिया नहर संभाग नहर सोहागपुर कार्यालय के परिसर में आयोजित किया गया।

### डीजल, खाद उपलब्धता, मूंग खरीदी सहित अन्य को लेकर ज्ञापन सौंपा

# शासन की नीतियों पर किसानों ने जताया रोष, निराकरण करे सरकार

शासन की नीतियों से परेशान किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर डीजल, मूंग खरीदी आदि समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की है ।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

भारतीय किसान संघ तहसील माखन नगर द्वारा सोमवार को किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार सुनील गढ़वाल को ज्ञापन सौंपा गया ।

#### सरकार वापस ले आदेश

तहसील अध्यक्ष राजेश दीवान ने बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा एक तुगलगी फरमान जारी करते हुए किसानों को केन कुप्पियों में डीजल ना देने का जो अव्यवहारिक फरमान जारी किया है उसे शीघ्र वापस लिया जावे इससे किसानों को आर्थिक एवं समय का भी भारी नुकसान हो रहा है डीजल की लिमिट को भी हटाया जावे। खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए रासायनिक खाद सहकारी समितियों से नगद एवं उधार किसानों को उपलब्ध कराया जाए एवं टोकन की बाध्यता को हटाया जावे। समर्थन मूल्य पर मूंग 5 कुंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी जावे। समर्थन मूल्य मूंग पंजीयन की समय सीमा भी बढाई जावे। समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी के भुगतान से शेष रहे किसानों को शीघ्र भुगतान कराया जावे। तहसील अंतर्गत किसानों की जमीन का सीमांकन का कार्य तय समय सीमा में किया जावे। उक्त सारी समस्याओं का निदान यदि दो दिवस में नहीं निकलता है तो भारतीय किसान संघ तहसील माखन नगर द्वारा किसानों को लेकर धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम का किया जावेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष ओंमकार सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार दीवान गोपाल मीणा जितेंद्र मीणा गोविंद सीठा शुभम मीणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### चेतावनी दी

कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन को चेताया है। तथा चेतावनी दी है कि अगर तुरंत किसानों की इस मांग को नहीं माना गया, तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। किसानों के साथ किये जाने वाले आंदोलन अथवा प्रदर्शन की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### डीजल व पेट्रोल की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध, दिया ज्ञापन



**सोहागपुर ।** क्षेत्र में डीजल तथा पेट्रोल की सप्लाई व्यवस्था बाधित होने से नाराज कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान चौपाहिया व दोपहिया वाहनों के साथ रैली निकाली गई। तथा नर्मदापुरम् कलेक्टर के नाम एसडीएम सोहागपुर को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से प्राप्त जानकारी अनुसार शासन की डीजल सप्लाई के संबंध में जो आदेश जारी किये गए हैं, उससे किसानों की समस्याएं और भी बढ़ गई हैं। इस संबंध में कांग्रेस ने एसडीएम प्रियंका भलावी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन अनुसार वर्तमान में खेतों में मूंग की कटाई चल रही है। तथा कटाई के तुरंत बाद ही किसानों को धान की रोपाई करना है। इस संदर्भ में किसान के लिये अपनी-अपनी आवश्यकता के अनुसार डीजल की उपलब्धता जरूरी है। लेकिन वर्तमान समय में पेट्रोल पंपों पर शासन के आदेश अनुसार किसान को केन और बैरल में डीजल नहीं दिया जा रहा है। इस स्थिति में डीजल लेने के लिये किसानों को अपने ट्रैक्टर और हार्वेस्टर खेतों से निकालकर पेट्रोल पम्पों पर लाने पड़ रहे हैं। जिस कारण किसानों का कृषि कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है एवं आने जाने के रास्ते में डीजल की खपत का व्यय का किसान पर अधिक पड़ रहा है। साथ ही पेट्रोल पंपों पर भीड़ के कारण रास्तों से आवाजाही भी बाधित हो रही है। अतः ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम् से मांग की गई है कि किसानों को 200 लीटर क्षमता के बैरल में एवं 50 लीटर भराव क्षमता की केन में डीजल दिया जाए। ताकि कृषक वर्ग समय पर कटाई व बुवाई का कार्य संपन्न कर सके।आवेदन सौंपने के दौरान बीसीसी अध्यक्ष एसएस ठाकुर, पुष्पराज पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, राजकुमार पटेल, भास्कर माझी, इरफान, धर्मदास बेलवंशी, सचिन श्रोती, मनीष पटेल, सागर साहू, सुरेखा शाह तथा अन्य कांग्रेसियों सहित क्षेत्रीय किसान उपस्थित थे। ज्ञापन सौंपे जाने के पहले नर्मदापुरम् मार्ग स्थित एक निजी प्रतिष्ठान के सामने से दर्जनों वाहनों के साथ रैली निकाली गई। जिसका समापन एसडीएम कार्यालय के सामने हुआ।

### सिवनी मालवा में भी विरोध प्रदर्शन किया



**सिवनीमालवा ।** भारतीय किसान संघ, तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष रामेश्वर जाट के नेतृत्व में दिया गया। संघ ने किसानों से जुड़ी 11 प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। इसलिए पूर्व की व्यवस्था बहाल करते हुए प्रति ट्रैक्टर 200 लीटर डीजल देने अथवा निर्धारित सीमा की बाध्यता समाप्त करने की मांग की गई है। भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का निराकरण दो दिवस के भीतर नहीं किया गया तो संगठन किसान हित में आंदोलन करेगा। संघ ने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### राष्ट्रीय किसान संघ ने ज्ञापन सौंपा

**पिपरिया।** तहसील कार्यालय के समीप नायब तहसीलदार धर्मेन्द्र नामदेव को 4सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें किसानों की मूंग खरीदी शीध्र प्रारंभ करने की मांग की गई है। पंजीकरण कराने की बात कही गई। तथा किसानों को फसल लगाने के लिए के लिए शासन के उस आदेश को निरस्त करने की बात कही गई जिसमें किसानों को केन , कुप्पा ,कोठी आदी में डीजल पेट्रोल नहीं देने पर आदेश निरस्त कर दिया जावे। सुविधा अनुसार उपलब्ध कराई जाए। सरकार की खाद डीएपी खाद की ई टोकन सिस्टम में भारी विसंगतियों में किसान को परेशानी हो रही है।ई टोकन सिस्टम से सुधार करने हेतु मांग की गई। रवि सीजन में गेहूं उपार्जन का भुगतान समय पर किया जावे।अभी भी भुगतान नहीं किया गया है।समय सीमा में किसान की समस्या बढ़ती जा रही है।जिसका सुधार कार्य किया जावे । निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। जिसकी वजह शासन प्रशासन की जवाबदारी होगी। ज्ञापन सौंपने बालों में शिवराज राजौरिया विनोद चौरसिया जितेंद्र भार्गव खुमान सिंह महेश उपाध्यक्ष नीरज पटेल शुभम रघुवंशी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।




# नर्मदापुरम से पिपरिया बसों में जारी खतरे का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



नर्मदापुरम में रोजाना संचालित यात्री बसों में क्षमता से कहीं अधिक संख्या में यात्री बिठाए जाते हैं। जिसके चलते यात्रियों को बहुत परेशानी होती है। दूसरी ओर अत्यधिक भार के चलते बस दुर्घटनाओं का डर रहता है।

मंगलवारवार शाम हरिभूमि प्रतिनिधि ने नर्मदापुरम से सोहागपुर तक की यात्रा बस में की। तो देखा कि 32 सीटर क्षमता वाली बस में लगभग 50 सवारियां बिठाई गई थी। इस बाबत बात-बात में प्रतिनिधि ने परिचालक से पूछा कि आरटीओ द्वारा जारी परमिट के अनुसार कितनी सवारी को बिठाने की क्षमता है, तो वह हंसने लगा। प्रतिनिधि ने पुनः पूछा कि क्षमता से अधिक सवारियां क्यों बिठाते हैं। जबकि दुर्घटनाओं का डर है तथा यात्री परेशान होते हैं। परिचालक फिर हंसने लगा और कोई जवाब नहीं दिया। यात्रियों ने कहा कि गंभीर बात को परिचालक का हंसना प्रशासनिक व्यवस्था की हंसी उड़ाना है। बस में बैठे यात्रियों ने आरोप लगाए कि छिपे आर्थिक लाभों के चलते संबंधित विभाग यात्रियों की सुरक्षा से समझौता करता है।

### मुहर्रम त्योहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक




माखन नगर। मुहर्रम त्योहार को लेकर थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत ने जनप्रतिनिधियों व्यापारी एवं मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की एवं त्यौहार मैं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की मुहर्रम पर ताजियों के निकलने वाले रूट एवं सवारी की रात व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की, बैठक में नवागत टी आई कंचन सिंह राजपूत का जिला विकास समिति के सदस्य अजीत सेठी जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल सेनानी परिवार के समाज सेवी दीपक वर्मा विनीत गुरु राम सिंह राजपूत राजेश मीणा पार्षद सिल्लू मालवीय भूरा बाबा विश्व हिंदू परिषद दिनेश शर्मा डॉ वीरेंद्र मालवीय सौजन्य पाटनी जामा मस्जिद कमेटी के सदर इरफान खान पूर्व पार्षद ममता सोलंकी ने स्वागत किया। बैठक में नायब तहसीलदार श्रद्धा गोस्वामी नगर परिषद से प्रतिनिधि रवि शुक्ला पत्रकार गण मुस्लिम बंधु एवं व्यापारी शामिल हुए।

# प्रति मंगलवार थाने में होगा जन सुनवाई का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

माखन नगर नवागत टी आई कंचन सिंह ने प्रभार लेते हुए नवाचार शुरू किया है बताया अब से प्रति मंगलवार 12 से 2 बजे तक पुलिस थाना अंतर्गत जनसुनवाई शुरू की है जिसमें फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जाएगा पहले मंगलवार को पांच आवेदन आये थे। जिसमें पति पत्नी, का विवाद गुर्जरवाड़ा मैं जमीन संबंधी, सतवासा में पारिवारिक , गुजरवाड़ा की महिला ने झूठे केस मैं फसाने की शिकायत की है जिसमें विवेचना की जाएगी , खरगावली में आपसी जमीनी विवाद की शिकायत आई है जिसको राजस्व विभाग को भेजा गया है।

# कुसुम महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान कॉलेज परिसर में साफ सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन सतपुड़ा भवन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य जनकल्याणकारी योजनाओं के कल्याण हेतु विशेष अभियान के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के समन्वय से आज महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया 1 स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक सुखी और स्वस्थ जीवन का आधार है। यह हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। अपने आस-पास के वातावरण को साफ़ रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए के यादव ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए इसलिए आवश्यक है क्योंकि यह हमें बीमारियों से बचाती है और शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखती है।

इसके अभाव में कीटाणु और वायरस तेजी से फैलते हैं। साफ-सफाई हमारी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है और हमारे समग्र कल्याण में सुधार करती है 1 इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ मोहन सिंह गुर्जर एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री सोमेश सिंह राठौर का विशेष सहयोग रहा 1 इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे 1

# क्या प्रशासनिक अभिलेखों और वास्तविकता के बीच बढ़ रही खाई?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

सरकारी कार्यालयों में जारी होने वाले आदेशों, उनके प्रेषण और वास्तविक क्रियान्वयन को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। हाल के कुछ मामलों और उपलब्ध अभिलेखों से यह संकेत मिल रहा है कि कागजों में दर्ज प्रक्रिया और धरातल पर दिखाई देने वाली स्थिति के बीच अंतर की शिकायतें पूरी तरह अपवाद नहीं हो सकतीं। ऐसे संकेत प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड प्रबंधन और विभागीय समन्वय पर गंभीर चर्चा की आवश्यकता महसूस करा रहे हैं।

प्रशासनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकरण का अंतिम उद्देश्य केवल आदेश जारी करना नहीं, बल्कि उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होता है। लेकिन कई बार ऐसे उदाहरण सामने आते हैं जहां अभिलेखों में कार्रवाई पूर्ण दिखाई जाती है, जबकि संबंधित नागरिकों को उसका लाभ या परिणाम समय पर प्राप्त नहीं हो पाता।

कुछ मामलों में आदेशों के प्रेषण का उल्लेख तो मिलता है, लेकिन संबंधित कार्यालयों में उनकी प्राप्ति अथवा पालन से जुड़े रिकॉर्ड स्पष्ट रूप से उपलब्ध नहीं होते। इससे नागरिकों को बार-बार अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं और जिम्मेदारी तय करना कठिन हो जाता है।

#### रिकॉर्ड प्रबंधन और जवाबदेही पर सवाल

प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि आवक-जावक रजिस्टर, डिस्पैच रिकॉर्ड और कार्यालयीन पत्राचार किसी भी सरकारी व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। यदि इन अभिलेखों में स्पष्टता न हो या विभिन्न कार्यालयों के रिकॉर्ड आपस में मेल न खाते हों, तो इससे न केवल कार्यप्रणाली प्रभावित होती है बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी प्रश्न उठते हैं।

यही कारण है कि किसी भी आदेश के जारी होने के बाद उसके वास्तविक प्रेषण, प्राप्ति और पालन की निगरानी उतनी ही महत्वपूर्ण मानी जाती है जितनी स्वयं आदेश की प्रक्रिया।

जिला प्रशासन द्वारा लगातार यह प्रयास किया जाता है कि आम नागरिकों को बिना अनावश्यक परेशानी के समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हों। कलेक्टर से लेकर SDM स्तर तक विभिन्न व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए प्रयास किए जाते हैं। लेकिन यदि अधीनस्थ स्तर पर आदेशों का पालन, रिकॉर्ड संधारण और समन्वय प्रभावी न हो तो उसका प्रतिकूल प्रभाव पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ता है। जनता के बीच असंतोष का कारण निर्णय लेने वाले अधिकारी नहीं, बल्कि निर्णयों के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाएं बनती हैं। ऐसे में वरिष्ठ अधिकारियों की मंशा और धरातल पर दिखाई देने वाली स्थिति के बीच अंतर महसूस किया जाने लगता है।

ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि प्रशासनिक अभिलेखों और वास्तविक स्थिति के बीच यदि कहीं अंतर दिखाई देता है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी बनाया जाए।

### अमावस्या पर सफाई अभियान चलाया था

# 'आस्था के साथ जागरूकता भी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत सांडिया खैरा सुरेलाकिशोर उमर्दा माथनी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं महिला मोर्चा कि समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के साथ पूर्व विधायक अर्जुनलाल पलिया की पुत्रवधू डाक्टर अम्रता राजे पलिया के साथ सैंकड़ों महिलाओं ने मां नर्मदा की क्रपा से सोमवती अमावस्या पर पुरषोत्तम मास पर श्रद्धालुओं के साथ शामिल होकर श्रद्धा स्वच्छता और साधना का अदभुत संगम बताया गया। तथा पुण्य लाभ अर्जित किया गया। दुर्लभ संयोग में लगातार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी महिलाओं ने लगभग 2 ट्राली भरकर नर्मदा नदी की गोद से कचरा उठाया गया।

जिनमें पन्नी नारियल कचरा उठाया गया और नष्ट कराया गया।याद रहे कि डाक्टर अम्रता राजे पलिया पति सतपाल पलिया के द्वारा लगातार प्रत्येक अमावस्या पूर्णिमा को कचरें की सफाई व्यवस्था को सुंदर बनाने के लिए साफ सफाई की जाती है।

# सोमवती अमावस्या पर राम घाट माछा में हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर सोमवार को ब्लॉक सोहागपुर के ग्राम माछा स्थित नर्मदा जी के रामघाट पर भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री श्रीराम के पूजन, वंदन एवं नमन का भव्य और दिव्य आयोजन संपन्न हुआ।

आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह कार्यक्रम गुरुदेव श्री श्री 1008 ईश्वरदास जी त्यागी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया। पवित्र रामघाट पर हुए इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की तथा विधि-विधान से पूजन व अर्चन किया। इस अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता का अनुपम संगम देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में जय सियाराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। पूजनोपरांत श्रद्धालुओं को स्नेहपूर्ण भोजन प्रसादी वितरित की गई। आयोजन में आसपास के सभी क्षेत्रों से पहुंचे धर्मप्रेमी बंधुओं ने सहभागिता की और इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताया। आयोजन सोमवार को दिनभर जारी रहा तथा देर शाम संपन्न हुआ।

### सुंदरकांड का आयोजन म्यूजिकल ग्रुप का किया सम्मान



**माखन नगर।** सुमित्रा पब्लिक स्कूल में संगीत मय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। नगर में समाजसेवी दीपक वर्मा की प्रेरणा से सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन अलग-अलग जगह किया जाता है दीपक वर्मा एवं स्कूल के प्राचार्य ने सुंदरकांड की मधुर प्रस्तुति देने वाले श्याम शरण म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित किया इस धार्मिक आयोजन में चंचल खंडेलवाल एवं अन्य श्रोतागण मौजूद रहे। सभी ने सुंदरकांड में भाग लिया।

# सीडबॉल कार्यशाला आयोजित कर सीडबॉल बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका पौधरोपण की होती है ,पौधे का निर्माण एक बीज से होता है ,इसी वाक्य को ध्येय मानकर । श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर की प्राचार्य डॉ.नीता चौबे द्वारा सीडबॉल निर्माण की एक विस्तृत कार्य योजना बनाई। इसको मूर्त रूप देने के लिए महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,नेशनल टास्क फोर्स,स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ,एनसीसी ,स्पोर्ट्स विभाग ,भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ को विभिन्न प्रकार के दायित्व सौंपे गए सीडबॉल बनाने के लिए मिट्टी, जैविक खाद ,वर्मी कंपोस्ट, एलोवेरा जेल, गोमूत्र, बीजएकत्रीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में वनस्पति शास्त्र के डॉ.मनीष शर्मा द्वारा सीडबॉल बनाने की पूरी पद्धति को विस्तार से समझाया गया

कार्यशाला को प्रो. अजय मेहरा, पंकज बैरवा ने भी संबोधित किया इसके पश्चात सीडबॉल बनवाने का प्रबंध स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. राजकुमार पटवा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता दुबे द्वारा किया गया छात्र-छात्राओं के अथक परिश्रम से नींबू, जामुन, अरीठा , गुलमोहर ,चीकू ,आम, जैकल जूजूबी, मीठा नीम ,बिल्व पत्र खुबानी, इमली जैसे बीजों की लगभग 600 सीडबॉल का निर्माण किया गया निर्माण से पूर्व बीजों को गोमूत्र, एलोवेरा, बीजामृत से उपचारित कर सुखाया गया।

## खबर संक्षेप



### प्राचीन बावड़ी की साफ सफाई कर मनाया बावड़ी उत्सव

**हरदा।** जनसहभागिता से जल स्त्रोतों की साफ - सफाई, गहरीकरण, जलसंरक्षण के लिए जनजागरूकता एवं जल स्त्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्राओं के वृहद स्तर पर आयोजन किये गये। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तृतीय चरण में ह्यबावड़ी उत्सवह्न कार्यक्रम के तहत टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम जलोदा में सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर स्वच्छता, साफ - सफाई, बावड़ी पूजन एवं जल संगोष्ठी का आयोजन कल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जलोदा ग्राम में स्थित लगभग 300 वर्ष पूरानी बावड़ी की साफ - सफाई व पुताई कर बावड़ी का पूजन अर्चन किया गया।

### एसडीएम कार्यालय में पांच फीट का सांप आया

**हरदा।** एसडीएम कार्यालय में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक पांच फीट लंबा सांप घुस गया। सांप को देखकर कार्यालय में काम कर रहे कर्मचारी अपना काम छोड़कर बाहर भाग निकले। इससे कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। सांप मुख्य द्वार से अंदर आया और जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले कमरे में चला गया। इस दौरान अपनी सीट पर काम कर रहे एक बाबू के पैरों के पास से सांप गुजरा। कार्यालय में काम कराने आए लोगों को भी अंदर जाने से रोक दिया गया। घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई, जिसके बाद सर्प मित्र दिनेश चंदेल को बुलाया गया। चंदेल ने कमरे में जाकर सांप को रेस्क्यू किया और उसे पकड़कर बाहर ले आए। इसके बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया ने बताया कि यह धामन प्रजाति का सांप था और जहरीला नहीं था। सर्प मित्र दिनेश चंदेल सांप को जोगा के पास जंगल में ले जाकर छोड़ दिया।

### रीमा अंसारी ने सीईओ का पदभार ग्रहण किया

**झिरन्या।** स्थानीय जनपद पंचायत के सीईओ पद पर रीमा अंसारी की नवीन पस्थापना की गई है। उन्होंने



शासन के आदेश के परिपालन में पदभार ग्रहण कर लिया है। मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उपसचिव एचके श्रीवास्तव ने सोमवार को उक्त आदेश जारी किया है। वे पूर्व में जनपद पंचायत सेगांव के सीइओ पद पर कार्यरत थी और उनके पास झिरन्या का अतिरिक्त प्रभार था। अब शासन ने उन्हें स्थानांतरित कर उक्त पद का पूर्ण प्रभार सौंपा है।

### संपदा 1.0 में लंबित दस्तावेजों का 3 दिन में निराकरण कराएं

**हरदा।** न्यायालय कलेक्टर ऑफ स्टाम्प एवं जिला पंजीयक ने बताया कि मार्च से संपदा 2.0 प्रभावशील होने के कारण अब ह्यसंपदा 1.0 को एण्ड ऑफ सपोर्ट तथा एण्ड ऑफ लाइफ होने से बंद किया जा रहा है। उन्होने सूचित किया है कि जिले के सभी पक्षकार व सेवा प्रदाता जिनके दस्तावेज संपदा 1.0 में लंबित हैं, वे विज्ञप्ति प्रकाशित होने से तीन दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अद्यतन स्थिति से मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित अवगत कराएं। बाद में किसी भी प्रकार की कार्रवाई संभव नहीं होगी। संपदा 1.0 बंद होने के बाद पुराने पोर्टल पर लंबित प्रकरण स्वतः समाप्त माने जाएंगे।

### निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन बिना पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता।

---

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में प्रदर्शन

# कांग्रेसियों ने सांकेतिक पुतले को लोहे की जंजीरों व बेड़ियों से बांधकर प्रदर्शन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मंगलवार को कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में महिला कांग्रेस और एनएसयूआई ने जोरदार प्रदर्शन किया। अंबेडकर चौक से शुरू हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग, भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के सांकेतिक पुतले को लोहे की जंजीरों और बेड़ियों से बांधकर भाजपा कार्यालय तक ले जाया गया। भाजपा कार्यालय के घेराव के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झूमाझटकी भी हुई तथा कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार कर भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। मंगलवार को महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता अंबेडकर चौक पर एकत्र हुए। यहां उन्होंने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में सभा की और चुनाव आयोग तथा भाजपा के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहले से भाजपा कार्यालय का घेराव करने की घोषणा की थी। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। भाजपा कार्यालय से करीब 100 मीटर पहले बैरिकेड लगाए गए थे और 50 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, ताकि प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका जा सके।

#### बैरिकेड पार कर गए

जब प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े तो पुलिस ने उन्हें बैरिकेड पर रोकने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। हालांकि कार्यकर्ता पीछे नहीं हटे और बैरिकेड पार कर भाजपा कार्यालय के सामने पहुंच गए। इसके बाद वहां जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया। भाजपा कार्यालय के सामने पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और धरना शुरू कर दिया। इस दौरान काफी देर तक नारेबाजी होती रही। एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ पटेल और महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिला ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन सुनियोजित तरीके से निरस्त किया गया है। जिला प्रभारी रचना जैन ने कहा कि पहले जनादेश की अनदेखी की गई, फिर विपक्षी विधायकों को तोड़ने के प्रयास किए गए और जब उसमें सफलता नहीं मिली तो कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त करा दिया गया।



---

वन अधिकार पट्टा धारियों को उर्वरक मिले

## दूषित पेयजल की आपूर्ति न हो, पंचायत स्तर पर परीक्षण किट उपलब्ध रहेः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बरसात के मौसम को दृष्टिगत समूचे जिले में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति पर ध्यान देने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि कहीं भी दूषित पेयजल की आपूर्ति न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

ग्राम पंचायत स्तर पर पर्याप्त संख्या में पेयजल परीक्षण किट उपलब्ध रहें। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गांवों में पहुँचकर पेयजल की शुद्धता का निरीक्षण करें। मंगलवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी दी जाए। वहीं वन क्षेत्रों में वनाधिकार पट्टा धारियों को भी सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने की व्यवस्था रहे। बैठक में उन्होने हरदा रन्हाईकला मार्ग, करताना नयागांव मार्ग, तजपुरा गंगेश्वरी मार्ग एवं टेमागांव कपासी मार्ग की मरम्मत करवाने के संबंधित सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। इसी तरह टिमरनी नगर में सड़क पर हुए गड्ढों की दुरूस्ती के लिये भी निर्देशित किया।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समय सीमा में सतुष्टिपूर्ण समाधान किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

---

## 9 बच्चों के पिता किसान की जहर खाने से मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऊंचाबरारी में सोमवार को एक 48 वर्षीय किसान ने घर में अकेला पाकर जहरीली दवा पी ली। गंभीर हालत में उसे टिमरनी से हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां रात करीब 10 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राजाबरारी पंचायत के ग्राम ऊंचाबरारी निवासी लखनलाल पुत्र राजाराम धुर्वे (48) के रूप में हुई है। मृतक के बड़े बेटे रामबिलास ने बताया कि सोमवार को उसकी मां किसी रिश्तेदार के यहां गमी (शोक कार्यक्रम) में शामिल होने गई थीं। वहीं, रामबिलास और उसकी अन्य बहनें मजदूरी करने के लिए टिमरनी गए हुए थे। घटना के वक्त लखनलाल घर पर बिल्कुल अकेले थे, तभी उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। लखनलाल द्वारा जहरीली दवा पीने का पता चलते ही परिजन उसे तुरंत टिमरनी के अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोपहर में उसे हरदा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद रात करीब 10 बजे लखनलाल ने दम तोड़ दिया। रामबिलास ने बताया कि उनके पिता किसानी का काम करते थे। लखनलाल के परिवार में कुल 9 बच्चे हैं, जिनमें 6 बहनें और 3 भाई शामिल हैं (रामबिलास सबसे बड़ा बेटा है)। घर के मुखिया के अचानक इस तरह चले जाने से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। लखनलाल ने जहर क्यों खाया, इसके कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि प्राथमिक तौर पर यह जहर के सेवन से हुई मौत प्रतीत हो रही है, लेकिन मौत की असली वजह और खाए गए जहर की प्रकृति की स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मिल सकेगी।

---

सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में हरदा निवासी सोनू नागराज ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर संबल कार्ड बनवाने की मांग की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर पात्रता अनुसार संबल कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में सिराली निवासी सुशीला बाई ने मकान निर्माण की अनुमति प्राप्त करने के लिये आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। भोपाल निवासी राजेन्द्र सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में तहसील कार्यालय रहटगांव में किराये से संलग्न वाहन का 9 माह से किराया भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम बूंदड़ा निवासी ललित भायरे ने बेचे गये चने का भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला विपणन अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम दामोदरपुरा निवासी निर्भय सिंह ने जनसुनवाई में आवेदन देकर चना तुलाई की राशि का भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप संचालक कृषि को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

---

## ज्ञानभारतम मिशन के तहत 3 प्राचीन पांडुलिपियां पोर्टल पर अपलोड की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले में ज्ञान भारतम मिशन के तहत तीन प्राचीन पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम मोबाइल एप पर अपलोड किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हंडिया में उपलब्ध सिक्खों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह द्वारा गुरुवाणी में अंकित सनद, हरदा के जैन मंदिर में कन्नड़ भाषा में उपलब्ध त्रिलोक सार ग्रन्थ एवं ग्राम कुकरावद में स्व. सालिगराम बाबा द्वारा हस्त निर्मित कागज पर देवनागरी एवं संस्कृत भाषा में रचित सनातन धर्म, वैदिक अनुष्ठानों और पंचांग कर्म की विधियों से संबंधित पांडुलिपियों को इस पोर्टल पर अपलोड किया गया है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा है कि मठ, मंदिरों के साथ-साथ कई घरों में विद्यमान प्राचीन पाण्डुलिपियों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी हैं। इस अमूल्य विरासत के संरक्षण, संवर्धन और दस्तावेजीकरण के लिये राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान भारतम्‌ मिशन की शुरूआत की गई है, जिसके अंतर्गत वर्ष 1950 से पहले की पाण्डुलिपियों का डिजिटल रूप से संरक्षण किया जा रहा है। प्राचीन पाण्डुलिपि धारकों से आग्रह किया गया है कि वे उनके पास संरक्षित इस अमूल्य धरोहर का संरक्षण करने में अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही उपलब्ध पाण्डुलिपियों का डिजीटल संरक्षण अवश्य कराएं।

---

तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन

## हितग्राहियों को लाभान्वित किया, जानकारियां दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

यहां जनपद परिसर में जनकल्याण शिविर में सभी विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र पाटीदार और प्रख्यात कवि शम्भूसिंह मनहर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया। इनमें महिला एवं बाल विकास द्वारा 8 कन्याओ को लाडली लक्ष्मी योजना के तहत रू.143000




प्रमाण-पत्र एवं कृषि विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को मृदा-परीक्षण कार्ड, 5 हितग्राहियों को मक्का बीज पैकेट का वितरण किया गया। जबकि अन्य विभागों ने भी अपने स्टाल लगाए थे,जिसमें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।भाजपा नेताओं में मादक अध्यक्ष आशीष राठौर,सुन्दरलाल बारसे,टोनू यादव सहित एनी भाजपा नेतागणों ने शिरकत की। इसी तरह एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे और जनपद पंचायत की सीइओ रीमा अंसारी ने खाद्ध विभाग के 29 हितग्राहियों को राशन पात्रता-पर्ची का वितरण किया। इस अवसर पर तहसीलदार खुमानसिंह चौहान, नायब तहसीलदार राजेश बरडे और खाद्ध निरीक्षक रविंद्रकुमार ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भागीरथ तोनगरे ने और आभार व्यक्त किया।

---

## जल गुणवत्ता निगरानी को सुदृढ़ करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शुद्ध पेयजल जांच का प्रशिक्षण दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, हरदा द्वारा सोमवार को मांदला सेक्टर में जल गुणवत्ता निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से शुद्ध पेयजल की जांच करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें फील्ड टेस्टिंग किट का वितरण भी किया गया।

---

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम दिवस का आयोजन में समझाइश दी

# जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह समाज सदैव समृद्ध, संस्कारित और प्रगतिशील बनताः अरुणा राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सोमवार को हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम दिवस के अवसर पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के प्रति होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, भावनात्मक एवं सामाजिक शोषण को रोकना तथा दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए समाज को संवेदनशील एवं जागरूक बनाना था। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अरुणा सुदेश राय ने कहाकि हमारे भारतीय संस्कारों में माता-पिता और बुजुर्गों को देवतुल्य माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः, लेकिन बदलती जीवनशैली, व्यस्तता और भौतिकवादी सोच के कारण आज अनेक वरिष्ठजन उपेक्षा, अकेलेपन और कभी-कभी मानसिक, आर्थिक तथा सामाजिक दुर्व्यवहार का सामना करने के लिए विवश हैं। जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह समाज सदैव समृद्ध, संस्कारित और प्रगतिशील बनता है।



कार्यक्रम में सभी को जागरूक करते हुए बताया गया कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, ज्ञान एवं मार्गदर्शन से परिवार और समाज को दिशा मिलती है। ऐसे में उनका सम्मान, सुरक्षा और देखभाल करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। अनेक बार वृद्धजन उपेक्षा, आर्थिक शोषण, मानसिक प्रताड़ना तथा सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं का सामना करते हैं, जिनकी रोकथाम के लिए परिवार और समाज दोनों को सकारात्मक भूमिका निभानी होगी।

इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, उनके संरक्षण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं तथा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अरूणा राय, सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक महेश यादव सहित केंद्र के अन्य सदस्य एवं वृद्धजन उपस्थित थे।

---

### सीहोर में 61 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी, इछावर में हुई तेज बारिश

**सीहोर।** सीहोर में सोमवार दोपहर को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। दोपहर बाद आसमान में घने काले बादल छा गए, जिससे दिन में ही अंधेरा हो गया। इसके बाद करीब 61 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चली, जिसने धूल का गुबार उड़ाया। आंधी के बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। इस मौसम परिवर्तन से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश का असर अलग-अलग रहा। इछावर ब्लॉक में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई, जबकि जिला मुख्यालय पर केवल बूंदाबांदी हुई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, दोपहर बाद वायुमंडल में अचानक हुए बदलाव के कारण घने बादलों का निर्माण हुआ। इस बारिश से मालवा-मध्य क्षेत्र के इस हिस्से को काफी हद तक ठंडक मिली है। आगामी 24 घंटों में भी जिले के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।